Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 07 अंकः 60 | बुधवार, 04 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारत के लिए अवसरों के द्वार खुले हैं, गुणवत्ता को अपना महामंत्र बनाएं विनिर्माताः मोदी

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत को 'गुणवत्ता' अपना महामंत्र बनाने का आान करते हुए मंगलवार को कहा कि दुनिया को आज के दौर में विनिर्माण के कामों के लिए मजबूत भागीदारों की तलाश है और यह भारत के लिए बड़ा अवसर है। श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ हाल में किये गये मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से भी भारत के उद्यमियों और निर्यातकों के लिए अवसरों के बहुत बड़ा द्वारा खुला है। उन्होंने कहा कि इसका फायदा गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को प्रस्तुत करके ही उठाया जा सकता है। श्री मोदी बजट 2026-27 पर आयोजित दूसरे वेबिनार का उद्घाटन कर रहे थे। दिन भर चलने वाले इस वेबिनार का विषय है- आर्थिक वृद्धि को निरंतर संभालना और सशक्त करना विषय के साथ चार अलग-अलग सत्र होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के उद्योगों को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए बड़े आत्मविश्वास के साथ कदम उठाने होंगे। नयी प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। अनुसंधान पर कंजूसी करने की बजाय निवेश बढ़ाना होगा। गुणवत्ता (क्वालटी) सुधारनी होगी। उन्होंने कहा, भारत ने बहुत सारे देशों के साथ एफटीए किये हैं। हमारे लिए अवसरों का बहुत बड़ा द्वार खुला है। ऐसे में हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम क्वालिटी पर कभी भी समझौता न करें। उन्होंने कहा, आपका एक ही महामंत्र होना चाहिए, क्वालिटी, क्वालिटी और अधिक क्वालिटी। उन्होंने कहा कि अवसरों का फायदा उद्योग और व्यापार जगत को ही उठाना है। प्रधानमंत्री ने भारतीय विनिमार्ताओं से -विश्वस्तर से भी बेहतर गुणवत्ता प्रस्तत करने का आान करते हुए कहा , क्वालिटी समझौता नहीं, इस पर सबसे अधिक समय, साधन और बुद्धि खर्च करनी होगी। उन्होंने विनिमार्ताओं से विश्व बाजार की जरूरतों का अध्ययन और विश्लेषण करने और उसके अनुसार अपनी विनिर्माण क्षमता को तैयार करने का सुझाव दिया।

श्री मोदी ने कहा, आज दुनिया विश्वसनीय और विनिर्माण के लिए मजबूत भागीदारों की तलाश में है। भारत के पास यह अवसर है कि वह इस भूमिका को मजबूती से निभाए। आज के वेबिनार में चार अलग-अलग सत्र होंगे।

## आप सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को वेलकम इंडिया परिवार की ओर से होली की हार्दिक शुभकामनाएं







## होली से पहले दिल्ली पुलिस का 'ऑपरेशन आगहत 4.0'



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** होली से पहले दिल्ली पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं, मादक पदार्थों के तस्करों और आदतन अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 1 और 2 मार्च को ऑपरेशन आघट 4.0 चलाया, ताकि त्योहार के दौरान अवैध गतिविधियों को रोका जा सके। एएनआई से बात करते हुए संयुक्त आयुक्त संजय कुमार जैन ने बताया कि यह अभियान बेहद सफल रहा। लगभग 4,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 975 से अधिक को एहतियाती हिरासत में लेकर उन पर आरोप लगाए गए।

संयुक्त आयुक्त संजय कुमार जैन ने कहा कि होली के त्योहार से पहले आपराधिक तत्वों, विशेष रूप से अवैध शराब विक्रेताओं, मादक पदार्थों के तस्करों और आदतन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए 1 और 2 मार्च को ऑपरेशन आघट 4.0 शुरू किया गया और चलाया गया।



## संपादक की कलम से

# छल कपट और पाप न कर बंदिया



ललित शर्मा
संपादक

वैश्विक स्तरपर इस सृष्टि में मानवीय जीव का उदय कब हुआ? शायद हम इस प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ होंगे, परंतु मेरा मानना है कि जिस तरह अनेकों पीढ़ियों से यह प्रवाह चलते आ रहा है और हमें भी हमारे बड़े बुजुर्गों, पूर्वजों से यह शब्द कहते सुनते आए हैं कि अभी कलयुग का जमाना आ गया है, पहले सतयुग था जहां सभी जीव सुखी सर्वसंपन्न थे, पुण्य ही पुण्य था, पाप का नामोनिशान ही नहीं था। परंतु आज कलयुग में पापों का बवंडर आ गया है, ऐसी अनेकों प्रकार की बातें हम अभी भी अपने बड़े बुजुर्गों से सुनते हैं। हालांकि उन्होंने भी उनका कुछ हिस्सा ही भोगा होगा और बाकी अपने पूर्वजों से सुना होगा, इस प्रकार एक दूसरे से इस तरह पीढ़ी दर पीढ़ी यह दास्तां चली आ रही है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हम अगर आज की स्थिति देखें तो वास्तव में पुण्य ऊपर पापों की भरमार हमें अधिक मिलेगी। शायद इसीलिए ही इस युग को कलयुग का नाम दिया गया है, क्योंकि आज की स्थितियों परिस्थितियों में पुण्य की अपेक्षा पापों की संख्या अधिक दिखती है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, छल कपट पाप न कर बंदिया क्योंकि उनकी बुरीगत दुर्दशा दुखों के रूप में ब्याज सहित फल उनके जीवनकाल में ही उन्हें वापस जरूर मिलता है। साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तिगत जीवन में झांक कर देखें तो हमारी आंख में कभी कोई तिनका या पैर में कांटा घुस जाता है, तो हमें कितनी तकलीफ झेलनी पड़ती है हम असहाय को उड़ते हैं,कभी-कभी मर्ग इतना बढ़ जाता है कि ऑपरेशन की स्थिति भी आती है इससे कहीं बढ़कर असहाय होकर आंख या पैर निष्क्रिय होने की भी संभावना हो जाती है। उसी तरह दबी हुई कपास में अगर आग लगे तो विभिशक्ता का अंदाजा लगा सकते हैं। अब हम इसका संज्ञान पाप की सजा को लेकर करेंगे तो फिर सिहर उठेंगे क्योंकि पाप करने वालों को उनकी बुरीगत दुर्दशा और दुखों के रूप में उन्हें इसी जीवनकाल में ब्याज सहित फल के रूप में जरूर वापिस मिलता है,जिसका मैंने खुदने ऐसे कई उदाहरण अपने शहर और बाहर में देखे हैं, इसलिए हमें इस बात को रेखांकित करने की जरूरत है कि जहां तक हो सके छल कपट और पापों से दूर रहकर सफल जीवन जीने की प्रथा को प्रोत्साहित करें, पापों की व्याख्या हम नीचे के पैराग्राफ में अनेक सज्जनों की सोच को रेखांकित कर बता रहे हैं। साथियों बात अगर हम पापों की परिभाषा की करें तो वह विस्तृत रूप में है, परंतु फि र भी कुछ ज्ञात गतिविधियां इस प्रकार है, पाप सबसे पहले मनुष्य की दृष्टि से प्रवेश करता है तत्पश्चात विचारों को मलिन करता है और उसके बाद चरित्र को दूषित कर देता है। पाप वह कृत्य हैं, जो हमे रोगी बनाते हैं, हमें दुख देते हैं, पीड़ा देते हैं, हमे या हमारे प्रियजनों को हिंसा का शिकार बनाते हैं, जैसे :आत्म-हिंसा, आत्म-हत्या की सोच हत्या, बलात्कार, अपहरण, चोरी, लूट, बेइज्जती मानसिक/शारीरक रोग,कष्टपूर्ण मृत्यु असहाय, भय-युक्त जीवन असुर/अमोक्ष मार्ग नशा करना, पर जीवों पर हिंसा मांसाहार, मार-पीट करना तामसिक आहार, गुरुओं, मिडिया के झूठ फरेब, मक्कारी पर विशवास फिजूल में भय करना राग, द्वेष, ईर्षा, क्रोध, अहंकार धन-पद-काम-मान का लोभरिश्वत लेना धोखा देना, अन्याय सहन करना गुलामी, किसी दीन दुखिया का दिल दुखाना पाप है, किसी ब्राह्मण का उपहास करना पाप है, अपने माता पिता को तकलीफ देना या अत्याचार करना पाप है, किसी बेजुबान जानवर को मारना पाप है ,छल, कपट करना ये पाप है। अबला नारी या अबोध बालक की हत्या करना पाप है,अपने फायदे के लिए देश या परिवार से गद्दारी करना पाप है,ऐसे बहुत सारे काम है जो पापो की श्रेणी में आते है।

## नैकी कर नैकी पायेगा

उदय कशोर साह



कविता

पाप की कमाई से कितने भी जमा कर लो दौलत
वो धन दौलत जीवन में सुकुन चैन ना दे पायेगा
जैसे ये धन दौलत तुँते अपने घर में है लाया
वैसे ही ये एक दिन रूठ तेरे घर से चला जायेगा

पापी चाहे कितना भी पूजा पाठ कर पुण्य कमा ले
तेरे अपराध की सजा तुम ही जीवन में तुँ पायेगा
जैसे तेरी अकड़ ने मजबूर को जार जार रूलाया
उन आँसू की कीमत तुम ही जीवन में चुकायेगा

शोषण का पेड़ जब अपने घर में लगाये बैठा है
उस शोषण की फल जीवन में तुँ ही खायेगा
शोषित मजबूर व दीन गरीब की वो गम व आह
तुम्हें तेरे परिजन तक को रूला कर दिखलायेगा

लाख मंदिर मस्जिद बनवा कर नाम कमा लो
माँ बाप सा देवी देवता जग में ना कभी तुँ पायेगा
जिनके परिश्रम से तुँ इस मुकाम पे पहुँच आया है
उन भगवान को जब दु :ख दर्द दे कर। तड़पायेगा

पड़ोसी को गढ्ढे में धकेलने से पहले तुम भी सोचो
क्या वो गढ्ढा तेरे भी काम एक दिन ना आयेगा
राही की राह पे काँटा। बिछा कर मुस्कुराने वालों
वो काँटा भी तेरे पाँव में चुभ कर खून बहा जायेगा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आधुनिक संदर्भों पिता-पुत्र संस्कृति को नया आयाम दे



ललित गर्ग
लेखक




राष्ट्रीय पुत्र दिवस, जो प्रतिवर्ष 4 मार्च को मनाया जाता है, केवल एक पिता-पुत्र संस्कृति को जीवंतता देने का ही उत्सव नहीं है, बल्कि भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा को स्पर्श करने वाला अवसर है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि पुत्र केवल परिवार की वंश परंपरा का वाहक नहीं, बल्कि संस्कारों, उत्तरदायित्वों और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतिनिधि है। आधुनिक समय में जब संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद कम हो रहा है और विशेष रूप से पिता और पुत्र के बीच मानसिक दूरी बढ़ती जा रही है, तब यह दिवस एक गहन आत्ममंथन का अवसर बन जाता है। भारतीय चिंतन में पुत्र का अर्थ केवल जन्म से जुड़ा नहीं है। शास्त्रों में कहा गया है-'पुंनाम्नो नरकाद् यः त्रायते सः पुत्रः' अर्थात जो कुल और संस्कृति को पतन से बचाए वही सच्चा पुत्र है। इस परिभाषा में पुत्र को एक उत्तरदायी व्यक्तित्व के रूप में देखा गया है, जो अपने आचरण से परिवार की मयार्दा और मूल्यों की रक्षा करता है। हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने पुत्र धर्म को सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित किया। भगवान श्रीराम का जीवन इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। जब राजा दशरथ ने परिस्थितिवश उन्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया, तब श्रीराम ने बिना किसी विरोध, बिना किसी आक्रोश के पिता की आज्ञा को धर्म मानकर स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि परिवार और वचन की मयार्दा को सर्वोपरि रखने का संदेश था। श्रीराम ने यह सिद्ध किया कि अधिकारों से पहले कर्तव्य आते हैं और व्यक्तिगत सुख से ऊपर परिवार की प्रतिष्ठा होती है। आज का युग अधिकारों की चर्चा करता है, परंतु कर्तव्यों का स्मरण कम होता है। यही कारण है कि पिता-पुत्र संबंधों में संवाद का अभाव दिखाई देता है। पिता अक्सर अपने उत्तरदायित्वों की दौड़ में व्यस्त है और पुत्र प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के दबाव में उलझा हुआ है। दोनों के बीच भावनाओं का पुल कमजोर होता जा रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय पुत्र दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम इस दूरी को कम करें। पुत्र को केवल आर्थिक साधन या भौतिक सुविधाएँ नहीं चाहिए, उसे चाहिए समय, स्नेह और समझ। जब पिता अपने पुत्र के साथ बैठकर उसके सपनों, उसके डर, उसकी असफलताओं और उसकी आकांक्षाओं पर खुलकर बात करता है, तब संबंधों में विश्वास का संचार होता है। यही विश्वास भविष्य की मजबूत नींव बनता है। आधुनिक संदर्भ में पुत्र के सामने चुनौतियाँ भी नई हैं। करियर की अनिश्चितता, सोशल मीडिया का प्रभाव, मानसिक तनाव और मूल्य भ्रम उसे अक्सर द्वंद्व में डाल देते हैं। समाज ने लड़कों से अपेक्षा की है कि वे कठोर बनें, अपनी भावनाएँ न प्रकट करें, हर परिस्थिति में मजबूत दिखें। परिणामस्वरूप कई बार वे भीतर से अकेले और दबावग्रस्त हो जाते हैं। राष्ट्रीय पुत्र दिवस इस मानसिक स्वास्थ्य के विषय को भी छूता है। यह माता-पिता को प्रेरित करता है कि वे अपने पुत्र से पूछें-'तुम सच में कैसा महसूस कर रहे हो?' यह एक साधारण प्रश्न नहीं, बल्कि संवेदनशीलता की शुरूआत है। जब पुत्र को यह अनुभव होता है कि वह सुना जा रहा है, समझा जा रहा है, तब उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। भारतीय संस्कृति में पिता केवल अनुशासन का प्रतीक नहीं, बल्कि आदर्श का आधार रहा है। पुत्र वही सीखता है जो वह अपने पिता के आचरण में देखता है। यदि पिता सत्यनिष्ठ है, तो पुत्र में भी सत्य के प्रति सम्मान विकसित होगा। यदि पिता संयमी और धैर्यवान है, तो पुत्र भी वही गुण आत्मसात करेगा। इसलिए पिता की भूमिका केवल निर्देश देने की नहीं, बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करने की है। श्रीराम ने केवल दशरथ की आज्ञा का पालन नहीं किया, बल्कि रघुकुल की उस परंपरा को जीवित रखा जिसमें वचन और मयार्दा सर्वोपरि मानी जाती थी। यह परंपरा केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता है। भारतीय लोक-स्मृति में श्रवण कुमार पुत्र धर्म के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने अपने नेत्रहीन माता-पिता को कंधों पर बिठाकर तीर्थयात्रा कराते हुए यह सिद्ध किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, प्रेम का उत्कर्ष है। आधुनिक युग में यद्यपि परिस्थितियाँ बदल गई हैं, जीवन की गति तेज हो गई है और करियर की चुनौतियाँ अधिक जटिल हो गई हैं, फिर भी श्रवण का आदर्श अप्रासंगिक नहीं हुआ; बल्कि वह और अधिक आवश्यक हो गया है। आज के पुत्र का दायित्व है कि वह माता-पिता के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे, उनसे संवाद बनाए रखे और उनकी आवश्यकताओं को समझे। सेवा का अर्थ अब केवल शारीरिक श्रम नहीं, बल्कि समय देना, उनकी बात सुनना, उनके एकाकीपन को समझना और उनके आत्मसम्मान की रक्षा करना है। भौतिक आकांक्षाओं की अंधी दौड़ में यदि माता-पिता उपेक्षित हो जाएँ, तो सफलता खोखली हो जाती है। त्याग का अर्थ यह नहीं कि करियर छोड़ दिया जाए, बल्कि यह है कि प्राथमिकताओं में परिवार को स्थान दिया जाए-व्यस्त दिनचर्या में भी नियमित संवाद, स्वास्थ्य का ध्यान, आवश्यक सहयोग और निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आधुनिक पुत्र अपने पेशेवर जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भी पारिवारिक जिम्मेदारियों का संतुलित निर्वाह कर सकता है, यदि वह अपने भीतर यह भाव जागृत रखे कि माता-पिता उसके अस्तित्व की जड़ हैं। जब करियर और कर्तव्य के बीच संतुलन स्थापित होता है, तब श्रवण की सेवा-भावना आधुनिक जीवन में जीवंत हो उठती है और पुत्र धर्म केवल कथा नहीं, व्यवहार बन जाता है। पुत्र की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आधुनिक स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि वह परिवार से विमुख हो जाए। सच्ची स्वतंत्रता वही है जिसमें व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़ा रहे और अपने मूल्यों का सम्मान करे। पुत्र यदि अपने करियर में सफल होता है परंतु परिवार से दूर हो जाता है, तो वह सफलता अधूरी रह जाती है। परिवार की शक्ति केवल आर्थिक समृद्धि में नहीं, बल्कि भावनात्मक एकता में है। जब पुत्र अपने माता-पिता के त्याग और संघर्ष को समझता है, उनका सम्मान करता है और वृद्धावस्था में उनका सहारा बनता है, तब वह पुत्र धर्म का वास्तविक निर्वाह करता है। पुत्र केवल परिवार की आशा नहीं, राष्ट्र की संभावना भी है। इतिहास गवाह है कि जब-जब युवाओं ने अपने कर्तव्यों को पहचाना, तब-तब समाज में परिवर्तन आया। आज आवश्यकता है कि पुत्र संस्कृति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जाए। एक संस्कारवान पुत्र ही आदर्श नागरिक बन सकता है। यदि परिवार में सत्य, सेवा और संयम के मूल्य विकसित होंगे, तो वही मूल्य समाज में भी प्रसारित होंगे। इस प्रकार पुत्र का निर्माण केवल निजी विषय नहीं, सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। आज जब वैश्वीकरण और भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है, तब परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन आवश्यक है। पुत्र को आधुनिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और वैश्विक दृष्टि मिलनी चाहिए, परंतु उसके भीतर भारतीयता की जड़ें भी गहरी हों। यदि वह विज्ञान में आगे बढ़े परंतु संस्कृति से कट जाए, तो विकास अधूरा रहेगा। यदि वह परंपरा में बंधा रहे और नवीनता को अस्वीकार करे, तो प्रगति रुक जाएगी। इसलिए संतुलन ही समाधान है। यही संतुलन पुत्र संस्कृति को नया आयाम दे सकता है। राष्ट्रीय पुत्र दिवस को संवाद और संकल्प का दिवस बनाएं। जब पिता का अनुभव और पुत्र का उत्साह मिलते हैं, तब परिवार सशक्त होता है। सशक्त परिवार ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। हम अपने पुत्रों को केवल सफल नहीं, सार्थक बनाएं। उन्हें केवल ऊँचाई न दें, गहराई भी दें, केवल स्वतंत्रता न दें, उत्तरदायित्व भी दें, केवल संसाधन न दें, संस्कार भी दें। यदि हम श्रीराम की मयार्दा, श्रवण की सेवा भावना और आधुनिक युग की वैज्ञानिक दृष्टि को एक सूत्र में पिरो दें, तो ऐसा पुत्र तैयार होगा जो परंपरा का रक्षक और भविष्य का निमार्ता दोनों होगा। यही पुत्र संस्कृति का नवोदय है, यही भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति है और यही राष्ट्रीय पुत्र दिवस का सच्चा संदेश है।

# कहने में कम, करने में आगे: रणबीर सिंह गंगवा



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका




रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में उन चुनिंदा नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनसेवा के बल पर कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया। वे आज हरियाणा सरकार में लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री हैं और नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका जीवन पिछड़े वर्गों, किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हरियाणा के हिसार जिले के गंगवा गांव में कुम्हार (प्रजापति) परिवार में हुआ। उनके पिता राजाराम और माता केसर देवी साधारण ग्रामीण जीवन से जुड़े थे। सीमित संसाधनों के बीच पले-बढ़े गंगवा ने उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की और प्रारंभ से ही सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाई। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए उन्होंने किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को नजदीक से समझा, जिसने आगे चलकर उनकी राजनीति की दिशा तय की। उनका पहला औपचारिक चुनाव जिला परिषद का था। वर्ष 2000 में उन्होंने हिसार जिला परिषद का चुनाव लड़ा, जहां उन्हें प्रारंभिक पराजय का सामना करना पड़ा। लेकिन इस हार ने उन्हें और मजबूत बनाया। 2005 में वे दोबारा चुनाव जीतकर जिला परिषद सदस्य बने और बाद में उपाध्यक्ष पद तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण सड़कों, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। यही कालखंड उनके राजनीतिक जीवन की मजबूत नींव बना। 2009 में उन्होंने नलवा विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संपत सिंह से हार का सामना करना पड़ा, किंतु उनका राजनीतिक प्रभाव बना रहा। 2010 में उन्हें इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से राज्यसभा भेजा गया। राज्यसभा सदस्य के रूप में उन्होंने हरियाणा के ग्रामीण और पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया और अपनी सक्रियता से पहचान बनाई। 2014 में वे नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्होंने संपत सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जैसे दिग्गज नेताओं को पराजित किया। विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखा। 2019 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा और नलवा से पुनः जीत दर्ज की। विधानसभा में उन्हें उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) की जिम्मेदारी सौंपी गई, जहां उन्होंने सदन की कार्यवाही को सुचारू और मर्यादित ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें बरवाला विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। यह राजनीतिक रूप से एक नई चुनौती थी, लेकिन रणबीर गंगवा ने इसे अवसर में बदल दिया। उन्होंने बरवाला से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पहली बार वहां भाजपा को विजय दिलाई। इसी जीत के बाद उन्हें नायब सैनी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया। लगभग 34 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष का यह महत्वपूर्ण पड़ाव था। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रणबीर गंगवा को लोक निर्माण विभाग (PWD) और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विभाग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हरियाणा में लगभग 30,664 किलोमीटर लंबी सड़कों का नेटवर्क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है। वर्ष 2025-26 के लिए 6,500 किलोमीटर सड़कों की नई कार्पेटिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी प्रणाली लागू की गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत उनका फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार और जल संरक्षण योजनाओं पर है। हरियाणा स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के माध्यम से गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उनका मानना है कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं। रणबीर गंगवा को पिछड़े वर्गों का सशक्त प्रतिनिधि माना जाता है। प्रजापति समाज में उनकी विशेष पकड़ है और वे ओबीसी समुदाय की आवाज उठाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी सादगी और सहजता उन्हें आम जनता के बीच लोकप्रिय बनाती है। उनकी राजनीति की एक बड़ी विशेषता उनकी स्वच्छ छवि है। 34 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उनकी घोषित संपत्ति और देनदारियां चुनावी हलफनामों में पारदर्शी रूप से दर्ज हैं, जो उनकी ईमानदारी और जवाबदेही को दर्शाती हैं। रणबीर सिंह गंगवा का जीवन यह संदेश देता है कि निरंतर परिश्रम, जमीनी जुड़ाव और जनसेवा के प्रति समर्पण से व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

# एक समय के दोस्त ईरान और इजराइल आज एक-दूसरे को खत्म करने पर आमादा हैं



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष विनाशकारी दिशा में बढ़ रहा है। हालात ऐसे दिख रहे हैं कि उन्हें आसानी से वापस मोड़ना संभव नहीं है। हजारों लोगों के हताहत होने का खतरा बना हुआ है। एक समय था जब इजराइल और ईरान मित्र राष्ट्र थे। लेकिन ईरान में सत्ता परिवर्तन के बाद नए शासकों को इजराइल दुश्मन नजर आने लगा। ईरान के पास परमाणु बम बनाने के लिए आवश्यक समृद्ध यूरेनियम है, जिसे तेल अवीव के लिए गंभीर खतरा माना जाता है। इतिहास पर नजर डालें तो 1948 में जब इजराइल राष्ट्र की स्थापना की घोषणा हुई, तब अधिकांश मुस्लिम देशों ने उसे मान्यता नहीं दी थी। लेकिन शिया बहुल ईरान ने उसे मान्यता दी थी। शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासनकाल में ईरान पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका, की ओर झुका हुआ था। चूंकि इजराइल अमेरिका के समर्थन पर निर्भर था, इसलिए वह ईरान को अपना मित्र देश मानता था। 1950 और 60 के दशक में इजराइल ने गैरअरब देशों का एक गठजोड़ बनाने की कोशिश की। तुर्की और इथियोपिया इसमें शामिल हुए। 1958 में ईरान, तुर्की और इजराइल के बीच 'ट्राइडेंट' (त्रिशूल) समझौता हुआ, जिसमें हथियारों के सौदे, खुफिया सूचनाओं का आदानप्रदान और आर्थिक सहयोग शामिल था। उस दौर में दोनों देशों के संबंध इतने मजबूत थे कि इजराइल ईरान को सैन्य मामलों में तकनीकी सहायता देता था। आर्थिक क्षेत्र में भी उनके संबंध महत्वपूर्ण थे। 1967 में जब कुछ अरब देशों ने इजराइल का बहिष्कार करते हुए तेल की आपूर्ति बंद कर दी थी, तब ईरान ने उसे तेल उपलब्ध कराया। बदले में इजराइल ने ईरान को आधुनिक कृषि तकनीक दी। पूरे ईरान में इजराइली तकनीक से बुनियादी ढांचे के विकास के काम हुए। 1960-70 के दशक में दोनों देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग चरम पर था। 1975 में इजराइल की कुल तेल मांग का लगभग 70 प्रतिशत तेल ईरान से आता था। उस समय इजराइल ईरान को हथियार भी बेचता था, जिससे उसकी रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ी। 1979 तक दोनों देशों की मित्रता जगजाहिर थी। लेकिन 1979 की ईरानी क्रांति के बाद जब आयातोल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी सत्ता में आए, तो संबंधों में दरार पड़ गई। नए शासकों ने इजराइल को देश के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया और फिलिस्तीन का खुलकर समर्थन किया। अंततः ईरान ने इजराइल से सभी संबंध तोड़ दिए। 1980-90 के दशक में ईरान ने हिज्बुल्लाह और हमास जैसे संगठनों को समर्थन दिया, उन्हें प्रशिक्षण, फंडिंग और हथियार उपलब्ध कराए। धीरे-धीरे ईरान ने इजराइल को अपना सबसे बड़ा दुश्मन मान लिया। 1990 के दशक में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव और बढ़ गया और दोनों देश कट्टर विरोधी बन गए। इजराइल ने ईरान की परमाणु क्षमता के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' जैसी कार्रवाई शुरू की, जिसका उद्देश्य अपने अस्तित्व के सामने खड़े परमाणु खतरे का सामना करना था। कई वर्षों की रणनीतिक उलझन के बाद इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और बैलिस्टिक मिसाइल निर्माण केंद्रों पर हमले किए। पिछले वर्ष भी ऐसे हमले हुए, जिनके जवाब में ईरान ने पलटवार किया। इन घटनाओं में ईरान की पूर्व खुफिया एजेंसी सावाक और इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। 13 जून, 2025 को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों में कुछ परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि जब तक ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई को खत्म नहीं किया जाएगा, तब तक संघर्ष नहीं रुकेगा। अब खामेनेई की मौत के बाद स्थिति और भड़क गई है।

# खाड़ी देशों में पढ़ाई और रोजगार के लिए गए भारतीय फंस गए



स्नेहा सिंह
लेखिका

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण खाड़ी देशों और पूरे मध्यपूर्व की स्थिति बिगड़ गई है। हवाई सेवाएं बंद हैं, कई देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है, लोगों को बंकरों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, नौकरियां और व्यवसाय ठप हो गए हैं। इन सबके बीच रिपोर्टें आई हैं कि लगभग 1 करोड़ भारतीय विभिन्न खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। उनके सामने मौत का तांडव चल रहा है। वे जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।

फिलहाल दुबई के अत्याधुनिक एयरपोर्ट हों या कुवैत के तेल कुएं, उनकी रिहायशी साइटें हों या फिर इजराइल की कंस्ट्रक्शन साइटें, हर जगह मौजूद भारतीयों के मन में एक ही सवाल है कि क्या वे सुरक्षित अपने देश लौट पाएंगे या नहीं। उल्लेखनीय है कि पिछले 48 घंटों में खाड़ी देशों में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखें तो स्पष्ट होता है कि वहां मौत का तांडव मचा हुआ है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के हजारों ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जा रहे हैं। दूसरी ओर ईरान ने भी जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। ईरान के हवाई हमलों के बाद अधिकांश खाड़ी देशों ने अपनी एयरस्पेस बंद कर दी। इसके कारण हजारों फ्लाइट रद्द हो गईं। दुबई, दोहा और तेल अवीव जैसे एयरपोर्ट पर लाखों भारतीय फंसे हुए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने कतर, यूएई, इजराइल और ईरान स्थित दूतावासों को अत्यंत सतर्क रहने और भारतीयों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को भी अनावश्यक रूप से दूतावास से बाहर न जाने, वहां रह रहे भारतीयों के संपर्क में बने रहने और फंसे हुए भारतीयों तक हर संभव मदद पहुंचाने के आदेश दिए गए हैं। मध्यपूर्व या खाड़ी देशों में फंसे लोगों की संख्या 1 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। आधिकारिक तौर पर लगभग 95 लाख लोगों के फंसे होने की रिपोर्ट है। इनमें सबसे अधिक लोग संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में हैं। यूएई में दुबई और अबू धाबी सहित कुल 43 लाख भारतीय हैं। वर्तमान में दुबई और अबू धाबी की स्थिति अत्यंत गंभीर है। हवाई सेवाएं पूरी तरह बंद हैं, जिससे वहां रहने वाले और घूमने गए भारतीय एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। वे न तो घर लौट पा रहे हैं और न ही आगे कहीं जा पा रहे हैं। इसके बाद सऊदी अरब का नंबर आता है, जहां 27 लाख भारतीय हैं। यहां बड़ी संख्या में मजदूर, नर्स और उनके परिवार रहते हैं। जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंच रहा है, इन लोगों की स्थिति और खराब होती जा रही है। एक ओर जान का खतरा है, दूसरी ओर रोजगार ठप होने की स्थिति। इजराइल में भी लगभग 20 हजार भारतीय फंसे हुए हैं। इनमें नर्स, मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाले और कंस्ट्रक्शन वर्कर शामिल हैं। उन्हें बंकरों के पास रहने और सायरन बजते ही बंकरों में जाने के निर्देश दिए गए हैं। हवाई सेवाएं बंद होने के कारण वे भारत नहीं लौट पा रहे हैं। कुवैत और कतर में भी करीब 20 लाख भारतीय फंसे हैं। वहां की सरकारों ने सभी लोगों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। ईरान द्वारा व्यापक हमले की आशंका जताई जा रही है। ईरान, जो इस युद्ध का मुख्य केंद्र है, वहां भी 10,000 से अधिक भारतीय फंसे हैं। इनमें से आधे छात्र हैं। भारत सरकार ने पहले ही उन्हें स्थिति बिगड़ने से पहले देश छोड़ने की चेतावनी दी थी, लेकिन अब एयरस्पेस बंद होने के कारण वे निकल नहीं पा रहे हैं।

# बिजनौर क्लब समर्पण द्वारा फूलों की होली रंगों की बोली का भव्य आयोजन

नितिन शर्मा



**बिजनौर (वेलकम इंडिया)।** क्लब समर्पण का होली महोत्सव बहुत ही सुंदर थीम (फूलों की होली रंगों की बोली ) के आधार पर जैन धर्मशाला में भव्यता के साथ बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ ढउ्ढ खुशबू कर्णवाल, द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। अध्यक्षा राशी अग्रवाल, सचिव कनक जैन व कोषाध्यक्ष प्रीती खन्ना, उपस्थित अतिथिगण व प्यारी बेटिया (अवीशा व अवनी) की सुंदर गणेश व सरस्वती वंदना के नृत्य से हुआ। सम्मानित अतिथिगणों, डॉ मंजू चौधरी, पूनम गोयल, भावना भारद्वाज, (बिजनौर) से व ऋतु अग्रवाल एवं मीना अग्रवाल (किरतपुर से,) दुपट्टे से सम्मानित किया गया और सभी को आने वाले महिला दिवस की बधाई देते हुए नारी सशक्तिकरण के प्रशस्तिपत्र और गिफ्ट से सम्मानित किया गया।

नीती सरीन होली क्युईन, एकता अग्रवाल रंगों की रंगीली पारूल अग्रवाल ने फागुन सखी का खिताब जीत। सोनम ने मंच के संचालन किया, और उत्सव में चार चाँद लगा दिए। उनकी स्वरचित समर्पणपरिवार के लिए कही गई कविता मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी।

अंत में विषेश आकर्षण फूलों की होली समर्पण परिवार की भव्यता को दर्शा गई। रंगों के गानों पर डांस प्रतियोगिता, मजेदार चुटकुले, प्रश्नोत्तरी, होली थीम तम्बोला, आदि रहें आए हुए अतिथि के निर्णयनुसार टॉप तीन में डांसर दिपाली, दिप्ती व प्रियंका ने अपना नाम किया।

महिला दिवस के आधार पर साड़ी डड्रॉपिंग का कॉप्टीशन भी रखा गया। जिसमें खुशबू कर्णवाल , अंजली व नेहा नें बाजी मारी।

आमंत्रित अन्य क्लब के व अपने क्लब के सभी डिस्ट्रिक्ट पोस्ट होल्डर्स को सुंदर माला पहना सम्मानित कर होली के रंगों का उपहार दिया गया। अंत में राशि, कनक, प्रीति, सोनम सुंदर प्रस्तुती राधा-कृष्ण की सुदंर छवि में प्यारी बेटिया, ओजस्वी और ओजस के साथ एक सुंदर आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर वृंदावन व बरसाने की भव्य फूलों की होली खेल सबको भक्तिमय व मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी को होलीणकी बधाई देते हुए स्वादिष्ट जलपान के साथ होली महोत्सव संपन्न किया गया।

# अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा भव्य बृज होली महोत्सव संपन्न

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में भव्य बृज होली महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संकीर्तन एवं पारंपरिक बृज होली की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को राधा-कृष्ण भक्ति में सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर गाजियाबाद से पधारे संकीर्तन रसिक सलिल श्रीवास्तव ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण संकीर्तन से उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत भजनों एवं रसिया गायन ने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। भक्तजन देर तक भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में वंशी अली लाड़ली जी मंदिर, चांदनी चौक से पधारे नवीन गोस्वामी अपनी धर्मपत्नी सीमा जी के साथ पावन सान्निध्य प्रदान करने हेतु उपस्थित रहे। उनके आगमन से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्राप्त हुए।

मंडल की संस्थापक श्रीमती मीनाक्षी कपूर, अध्यक्ष श्री एस. पी. महेश्वरी, अनीता अग्रवाल, वरुण चौधरी, ज्योति, ललित कपूर, नवाब सिंह राघव, प्रभा राघव, दिनेश अग्रवाल, गौरव बजाज, हरी लाल प्रसाद, विमल बाटली, विजय अरोड़ा, संजय श्रीवास्तव एवं तेज प्रकाश अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बृज की परंपरागत होली खेली और रसिया गायन का आनंद लिया। फूलों और गुलाल की रंगत, संकीर्तन की मधुर धुनों तथा भक्तिमय वातावरण के बीच यह महोत्सव उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। आयोजन के सफल संचालन पर मंडल पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे ही आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# गागलहेडी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



राजीव चौधरी

**सहारनपुर (वेलकम इंडिया)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के दिशा-निर्देशन में व गागलहेडी थानाध्यक्ष अमित नागर के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहारों को लेकर व होली के पर्व को देखते हुए गागलहेडी पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान।

गागलहेडी थानाध्यक्ष अमित नागर ने कहा होली पर हुड़दंग मचाने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।

कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की द्दष्टिगत लूट/चोरी की घटनाओ पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान चैकिंग अभियान में पुलिस ने दो पहिया वाहन, कार आदि की तलाशी ली तथा पुलिस ने वाहनों की चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी। और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर चलने को कहा

गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी रामवीर सिंह शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया यातायात के नियमों का शक्ति के साथ पालन कराया जा रहा है।

गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी रामवीर सिंह शाक्य ने कहा यदि कोई वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। चौकी प्रभारी रामवीर सिंह शाक्य ने कहा पुलिस का सहयोग करें आपके आसपास कोई भी ऐसी संदिग्ध घटना हो तो स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचित करें ताकि समय रहते उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

# गागलहेडी थानाध्यक्ष अमित नागर ने गागलहेडी क्षेत्र वासियों को दी होली की शुभकामनाएं

राजीव चौधरी



**सहारनपुर (वेलकम इंडिया)।** गागलहेडी थानाध्यक्ष अमित नगर ने कहा कि होली का यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

होली हमें भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे के प्रति सद्भाव और सहयोग की भावना को सुद्दढ़ करने का संदेश देते है। गागलहेडी थानाध्यक्ष अमित नागर ने कहा कि रंगों का यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशियों के विविध रंग लेकर आए, रंगों के इस त्योहार को सभी लोग शांति एवं सद्भाव के साथ होली का त्योहार मनाए।

पुलिस की ओर से अपील, की जाती है होली का त्यौहार प्रेम, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने से बचें, किसी भी प्रकार से पुलिस की आवश्यकता पड़ने पर 112, पर संपर्क करें।

# झूठे मुकदमे दर्ज कराकर फिरौती की मांग का आरोप, एसपी के आदेश पर दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**टाण्डा (रामपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक दंपति पर झूठे दुष्कर्म के मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देकर फिरौती मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति और उसकी पत्नी कथित रूप से झूठे मुकदमे दर्ज कराने का सहारा लेकर लोगों से धन उगाही करने का काम करते हैं। आरोप है कि दंपति पहले भी कई लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट के मामले दर्ज कराने की शिकायत कर चुके हैं और बाद में समझौते के नाम पर लाखों रुपये ले चुके हैं।

पीड़ित के अनुसार, उक्त महिला ने उसके भाई और एक रिश्तेदार के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे अदालत ने साक्ष्य के अभाव में निरस्त कर दिया था। आरोप है कि इससे पहले भी गांव के अन्य लोगों पर मुकदमे दर्ज कराकर बाद में समझौते के नाम पर बड़ी रकम ली गई।

पीड़ित का कहना है कि अब दंपति उसके परिवार को निशाना बनाकर लाखों रुपये की मांग कर रहे हैं। रकम न देने पर उसके भाई, रिश्तेदार और अन्य लोगों को झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। तहरीर में यह भी बताया गया कि महिला की ओर से हाल ही में एक और शिकायत की गई थी, जिसकी जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल के आधार पर आरोप गलत पाए गए। जांच में संबंधित लोगों की लोकेशन घटना स्थल से अलग स्थानों पर पाई गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दंपति ने अदालत में कई परिवाद दायर कर रखे हैं और एक-दूसरे के मामलों में गवाह बनते हैं। इससे उसका परिवार भय और मानसिक तनाव में है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर स्थानीय थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।






# सड़क हादसे में घायल हुई सुवहाना की उपचार के दौरान मौत

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह करीब 8:00 बजे शाहबाज पुत्र आबाद मियां कोतवाली डिबाई के गांव कसेर कला निवासी अपने परिवार के साथ अर्टिगा कार से दिल्ली जा रहे थे। जैसे गाड़ी धतूरी पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार टाटा ने अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी ।जिसमें गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और गाड़ी में सवार सुवहाना पुत्री साबिर, सानिया पुत्री आबाद मियां, शहबाज पुत्र आबाद मियां, रानी पत्नी सलमान, शमा पत्नी साबिर, फवाज पुत्र सहवाज तथा चालक फतेह मौहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को गांव वालों व पुलिस की मदद से चिरचिटा उर्फ चिट्टा जेपी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। जिसमें सुवहाना की हालत गंभीर होने से दिल्ली के सफदरगंज हॉस्पिटल को रेफर कर दिया गया था। सलेमपुर थाना प्रभारी नितिन जवाला ने बताया कि उपचार के दौरान सुवहाना कि मंगलवार को मौत हो गई।

# रिश्तों का खून , बहन के विवाद में जीजा ने साले को उतारा मौत के घाट

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां घरेलू विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया और जीजा ने अपने ही साले की कैंची मारकर हत्या कर दी।

मामला जवाहर नगर कॉलोनी का है, जहां मृतक विशाल पिछले करीब 20 वर्षों से निवास कर रहा था। पुलिस के अनुसार विशाल की बहन का अपने पति राहुल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर टीना ने अपने भाई विशाल को फोन कर घर बुला लिया। बताया जा रहा है कि विशाल शराब के नशे में बहन के घर पहुंचा था। घर पहुंचते ही जीजा राहुल और साले विशाल के बीच कहा सुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान गुस्से में आकर जीजा राहुल ने कैंची से अपने साले विशाल पर कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राहुल मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लोनी बॉर्डर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और साक्ष्य जुटाए।

पुलिस का कहना है कि प्रथम द्दष्टया मामला पारिवारिक विवाद का है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। इलाके में इस घटना के बाद दहशत और शोक का माहौल है।









# साहब होली है बिन पैसे कैसे मनेगी होली, होली पर्व पर पांच हजार देने का वायदा पूरा नहीं करने से कर्मचारी हुए खफा

## अल्मोड़ा मैग्नेसाइट के एमडी के खिलाफ वादाखिलाफी करने पर कर्मचारियों ने दिया धरना

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**बागेश्वर।** जहां लोग होली की मस्ती में डूबे हुए हैं, वही होली में समय से वेतन मिलने और खुशी पूर्वक होली मनाने की मंशा पर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री कर्मचारियों को खाली जेब के ही होली मनानी पड़ रही है।होली पर्व पर कंपनी द्वारा उनके अवशेष देयकों में प्रत्येक कर्मचारियों को पांच -पांच हजार रुपए भुगतान करने के लिखित आश्वासन के बाद प्रबंधन द्वारा भुगतान नही किए जाने से कर्मचारियों ने नाराजगी जताई।साथ ही प्रबंधन के खिलाफ वादाखिलाफी करने और शीघ्र पूर्व में हुए समझौते के आधार पर पांच हजार का भुगतान किए जाने की मांग को लेकर कर्मचारी आंदोलित हो गए। कर्मचारी नेता लगातार प्रबंधन से भुगतान करने की गुहार लगाने लगे। कोई सुध नही लिए जाने पर सभी कर्मचारी आक्रोशित होकर नारेबाजी करने लगे। मामले में कर्मचारियों के संघर्ष के साथी रहे क्षेपं सदस्य व फौजी फतेह सिंह करायत जो कि बुखार से पीड़ित थे, साथ ही घर मे होली मिलन कार्यक्रम भी होने के बावजूद कर्मचारियों की अनदेखी होने की सूचना मिलते ही तत्काल सभी निजी कार्य छोड़कर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट पहुँचे। जहां पहले से ही कर्मचारी सड़को पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।क्षेपं सदस्य फतेह सिंह ने मामले में कंपनी के एमडी योगेंद्र शर्मा से मोबाइल से फोन कर पूर्व में हुए समझौते का पालन करते हुए कर्मचारियों के हित मे उनके होली में मिलने वाले वेतन या बोनस से पांच हजार का तत्काल भुगतान करने की अपील की।वही देर शाम तक कोई सुलह नही होने पर वे स्वयं मानवीय हितों के लिए संघर्ष करते हुए आंदोलन में डट गए। सोमवार सुबह से चल रहे गतिरोध के बीच कर्मचारियों को आंदोलित देख सुरक्षा व्यबस्था हेतु पुलिस बल भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने की अपील की।पर आंदोलित फैक्ट्री वर्करों ने दो टूक शब्दों में पूर्व आश्वासन का पालन करते हुए होली मनाने हेतु प्रत्येक कर्मचारी को पांच हजार का भुगतान करने की मांग पूरी नही होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।देर रात तक सभी कर्मचारी क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत के साथ मैग्नेसाइट सड़क के पास धरना देते हुए नारेबाजों करने लगे। जिसके बाद देर रात्रि कंपनी के एमडी योगेंद्र शर्मा मौके पर पहुँचे। जहां क्षेपं सदस्य की मौजूदगी में एक लिखित समझौते पर कंपनी द्वारा तत्काल सभी कर्मचारियों को दो हजार रुपए का भुगतान करने के बाद कर्मचारियों का आंदोलन समाप्त हुआ। एमडी ने सभी कर्मचारियों को वर्तमान में दो हजार रुपए नकद देने तथा शेष तीन हजार की राशि का भुगतान सात मार्च तक करने का लिखित आश्वासन दिया।जहां कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच तब तक कोई आंदोलन नही करने का लिखित भरोसा दिया। जिसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।इस दौरान कर्मचारी नेता शांति लाल, राजेन्द्र सिंह, राम सिंह, नारायण सिंह,यशवंत सिंह,मनोज कुमार, बसंत सिंह,नवीन भट्ट,चिरंजीत कुमार,हर्ष सिंह,सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। वही बाद में दो हजार रुपये नकद भुगतान मिलने के बाद सभी आंदोलित कर्मी भी देर रात अपने घर पहुँचे ।

# रास्ते में ईंटों का ढेर हटाने को लेकर विवाद, छत से पथराव में युवक घायल



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग स्थित बस्ती में रास्ते पर डाले गए ईंटों के ढेर को हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने छत पर चढ़कर पथराव कर दिया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। मंगलवार को बिजलीघर बस्ती निवासी सुहैल पुत्र आदिल ने बताया कि उसके पड़ोसी हारून ने रास्ते पर ईंटों का ढेर लगा रखा है, जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही थी। जब उसने घर जाते समय ईंटों का ढेर हटाने के लिए कहा तो आरोप है कि हारून के पुत्र सुहैल और उवैश ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़ित का आरोप है कि दोनों भाइयों ने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर छत पर चढ़कर उस पर पथराव कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

# स्वावलंबी महिला व्यापार संगठन द्वारा आयोजित भव्य भव्य होली मिलन समारोह' संपन्न



**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** स्वावलंबी महिला व्यापार संगठन द्वारा 'भव्य होली मिलन समारोह' सिद्ध गिरी बाग स्थित होटल 'हरी विलास एंक्लेव' में संपन्न हुआ। प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉक्टर मधुमिता भट्टाचार्य असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत एवं मंच कला संकाय काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापिका / अध्यक्ष डॉक्टर सरिता त्रिपाठी व संचालन कंचन यादव तथा धन्यवाद डॉ शीला चौधरी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मांडवी,श्रुति सेठ, शांभवी,श्रुति जयसवाल ने गणेश वंदना पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने नृत्य,होली गीत, मिमिक्री व गेम की अद्भुत प्रस्तुति की डॉ० ममता टंडन ने कत्थक नृत्य कर समारोह में चार चांद लगाया साथ ही कुसुम यादव ने लाली लगाई लेती होलियाना गीत,मधु ने रंग बरसे भीगे चुनरिया,रितु मिश्रा ने खेलन क्यों न जाए होली में रसिया,साक्षी सर्राफ ने होली आई रे होली आदि प्रस्तुति कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। रागिनी तिवारी ने मिमिक्री और ज्योति गुप्ता ने होलियाना गेम के माध्यम से कार्यक्रम को मनोरंजनात्मक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजनी शर्मा, ज्योत्सना, वीणा, अंजलि,रेखा,रचना,वंदना,बीना,डॉ० राखी गुप्ता,मंजू, सविता,अनुषी,रोशनी,प्रीति,अर्चना,कंचन, प्रियांशु, जूली, सोनी,गोदावरी,शशि,सीमा,सुनीता,विमला, प्रतिमा, रमा, बीना,मृणालिनी,नीलम,नीतू,सुमन,नीरू,नूतन,तनु,मीनाक्षी, पूनम,तनु,अंजना,सुषमा मधुलिका,मीना,मीनाक्षी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।


# जनपदीय पुलिस द्वारा होली पर्व के अवसर आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने हेतु पैदल मार्च किया गया



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर(अनूपशहर)।** मंगलवार शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार होली पर्व पर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत अपने- अपने सर्किल के संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया तथा जनमानस के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षित होलिका दहन एवं होली मनाये जाने की अपील की गयी तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। अनूपशहर कस्बा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस फोर्स को निर्देश दिये गये है कि यदि कही भी आराजक तत्व/असामाजिक तत्वो के द्वारा त्यौहार के हर्ष उल्लास में किसी भी स्तर पर कोई 'अवांछनीय गतिविधियां की जाये तो उनसे सख्ती से निपटा जाये।

# श्रीसंकीर्तन भवन धूमधाम से सम्पन्न हुआ संतप्रवर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का 36 वां द्वि-दिवसीय प्रभु मिलन एवं होली महोत्सव



**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** वंशीवट क्षेत्र स्थित संकीर्तन भवन में श्रीसंकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में ब्रह्मलीन संतप्रवर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का 36 वां द्विदिवसीय प्रभु मिलन महोत्सव एवं होली महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत संतप्रवर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया।साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीमज्जगद्गुरु श्रीनाभापीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं पातालपुरी पीठाधीश्वर स्वामी बालक दास महाराज (काशी) ने कहा कि गौऋषि संत शिरोमणि प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज परम निष्पृह व वीतरागी संत थे। उनके जीवन में ज्ञान व भक्ति का अद्भुद समन्वय था। उन्होंने वेदव्यासजी द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण का ब्रजभाषा में छप्पय और दोहों के मध्य अनुवाद कर 'भागवत चरित' नामक ग्रंथ की रचना की।इसीलिए वे व्यासावतार कहे जाते हैं। बल्देव स्थित दाऊजी मन्दिर के पूर्व रिसीवर आर. के. पाण्डेय एवं पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि संत प्रवर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की गौ भक्ति, विप्र भक्ति व संत भक्ति प्रणम्य है।वे भगवद स्वरूप थे।वह धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य निधि हैं। भागवताचार्य गोपाल भैया महाराज व आचार्य विनय त्रिपाठी ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव सनातन वैदिक संस्कृति के परम उपासक, राष्ट्र हित चिन्तक व गौभक्त संत थे। उन्होंने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के साथ रहकर गौहत्या आन्दोलन का नेतृव किया।

# होली के त्यौहार को लेकर हरदुआगंज पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**अलीगढ़।** थाना हरदुआगंज क्षेत्र में होली के त्यौहार को लेकर थाना प्रभारी ने संवेदनशील गांव में फ्लैग मार्च कर जनता को किया जागरूक इस मौके पर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने भारी पुलिस वल के साथ थाना क्षेत्र कस्बा जलाली बुड़ासी हरदुआगंज ताला नगरी कराई साधु आश्रम बराहनदी सिल्ला आदि संवेदनशील गांव में शाम 5:00 बजे से चौराहों बाजार गली मोहल्लों पैदल गस्त की उसी दौरान संघन चैकिंग अभियान चला कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर तलाशी ली गई यही नहीं थाना प्रभारी ने कहा है कि होली के दौरान किसी व्यक्ति ने किसी भी प्रकार की अफवाह फैला कर शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ की तो ऐसे लोगों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ऐसे असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है होली के दिन भारी मात्रा में पुलिस बल प्रत्येक गांव में भ्रमण कर पुलिस तैनात रहेगी थाना क्षेत्र की सभी पुलिस चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अपने अपने हल्का क्षेत्र के गांव में भ्रमण कर असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखे कहीं भी किसी प्रकार की कोई शिकायत का मौका न मिले अगर कोई व्यक्ति शराब पीकर किसी व्यक्ति को गाली गलौज कर नाजायज परेशान करता है तो ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर तुरंत कार्यवाही करे यह होली पर्व प्रेम एकता का त्यौहार है पुराने मतभेदों को भुलाकर भाई चारे के साथ गले मिलकर शांति पूर्वक होली का त्यौहार बनाए इस मौके पर हल्का क्षेत्र के उपनिरीक्षक हैंड कांस्टेबल सहित दर्जनों पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# डीएम जसजीत कौर ने 05 मार्च का होली का स्थानीय अवकाश किया निरस्त



**नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर द्वारा कार्य एवं जनहित में एतत्द्वारा स्वीकृत दिनांक 05-03-2026 का होली का स्थानीय अवकाश निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 05 मार्च, 2026 दिन बृहस्पतिवार को समस्त कार्यालय पूर्व की भाँति यथावत खोले जायेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस के अमानवीय व्यवहार से जनता में आक्रोश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**ज्हजहांगीरपुर।** पुलिस अपने चेहरे को चमकाने के लिए ना जाने कैसे-कैसे तरिके अपना रही है हाल ही में मेरठ की सी.ओ. का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है उसी की तरह जेवर कोतवाल संजय सिंह और उनके हम साथी रोड किनारे लगी गरीब मजदूर लोगों की रोजी-रोटी की दुकानों को हाथ और लात मारकर फेंकते नजर आ रहे हैं साथ में उनके हम साथी गालियां और डंडे का रोब जमाकर लोगों को भगा रहे हैं इसी कृत्य को वरिष्ठ पत्रकार अपने फोन के माध्यम से रिकॉर्ड करते हुए नजर आते हैं और कोतवाल साहब का परा हाई हो जाता है वरिष्ठ पत्रकार योगेश शर्मा का फोन छीन लिया जाता है कुछ ही क्षणों में कोतवाल साहब आगे बढ़ते हुए एक और दुकान पर रखे सामान को अपनी पुलिस से उठवाकर फिकवा देते हैं वह सामान भी एक पत्रकार का ही बताया जाता है या तो कोतवाल साहब अपने आप को चर्चा में रखना चाहते हैं या पत्रकारों से कुछ दुश्मनी मानते हैं इस घटना को देख समाजसेवी मनजीत मलिक सोशल मीडिया पर वायरल कर देते हैं जिसकी आलोचना सभी समाज से भी जमकर कर रहे हैं मंजीत मालिक को सोसल मिडिया पर आगामी भुगत लेने तक की चेतावनी मिल रही है।

# अद्भुत व परम रसमयी है महारास लीला : महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित अखण्ड दया धाम में मंगलायतन सेवा ट्रस्ट के द्वारा होली के पावन अवसर पर चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव में व्यासपीठ से महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने देश के विभिन्न प्रांतों से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को महारास, मथुरा गमन, कंस वध एवं भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का प्रसंग श्रवण कराया।

पूज्य महाराजश्री ने महारास लीला का प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि महारास लीला भगवान श्रीकृष्ण की एक अद्भुत व परम रसमयी लीला है।जिसे उन्होंने असंख्य ब्रजगोपियों के हृदय की अभिलाषा को पूर्ण करने लिए व अभिमानी कामदेव के अभिमान को नष्ट करने के लिए श्रीधाम वृन्दावन के यमुना तट पर शरद पूर्णिमा की रात्रि को किया था।जिसमें उन्होंने अनेकों रूपों में अपनी बांसुरी बजाकर संपूर्ण विश्व को ब्रजमंडल की ओर आकर्षित किया।लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला के दर्शनों के लिए समस्त देवी-देवताओं के साथ भगवान शिव भी ब्रज गोपी का स्वरूप धारण कर श्रीधाम वृन्दावन पधारे थे।

श्रद्धेय भास्करानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की महारास में सम्मिलित ब्रजगोपियां कोई साधारण स्त्रियां नहीं थी।वो पूर्व जन्म के महान तपस्वी ऋषि-मुनि थे।जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में पाने के लिए अनन्त युगों तक कठोर तपस्या की थी।इसीलिए ब्रजगोपियां भी भगवान श्रीकृष्ण के समान ही परम आनंदमयी व चिन्मयी थीं।

महोत्सव में पधारे सन्त प्रवर स्वामी सुबोधानंद महाराज ने कहा कि अखण्ड दया धाम के संस्थापकाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज समस्त धर्म ग्रंथों के परम्-विद्वान व अत्यंत सहज, सरल और उदार संत हैं।वे पूज्य अखंडानंद सरस्वती महाराज के परम्-कृपापात्र हैं और उन्हीं की सद्प्रेरणा से देश-विदेश में सनातन धर्म व भारतीय वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।साथ ही वे गौ-सेवा, संत-ब्रजवासी सेवा, वैदिक गुरुकुल, अन्न क्षेत्र व छात्रावास आदि अनेकानेक सेवा प्रकल्प समूचे देश में संचालित कर रहे हैं।इसके अलावा हरिद्वार में भी शीघ्रातिशीघ्र अखण्ड दया धाम आश्रम की स्थापना उनके निर्देशन में पूर्ण होने जा रही है,जो कि बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है। इस अवसर पर ब्रज सेवा संस्थान की ओर से प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज का उनके द्वारा धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य के के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि विवाह की अत्यंत दिव्य व भव्य झांकी सजाई गई।साथ ही विवाह से संबंधित बधाईयों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साध्वी कृष्णानंद महाराज, आयोजन की मुख्य आयोजिक श्रीमती लीलावती-तुकाराम दोटे, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# होली पर अगर शरारती तत्वों ने की शरारत तो पुलिस सिखायेगी सबकः सीओ स्याना



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** होली के पालन त्योहार पर किसी भी शरारती तत्व ने की शरारत तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उक्त बातें सीओ स्याना रामकरण सिंह ने कस्बे बुगरासी में गस्त के दौरान कही।पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ एसओ नरसेना रामकिशोर गौतम चौकी प्रभारी बुगरासी अजीत सिंह पुलिस बल के साथ चौकी के सामने से गस्त शुरू कर बिजली घर के सामने से होती हुई लाइफ केयर हॉस्पिटल बोम्बे टावर में फौजी दीपक त्यागी की दुकान मरकज मस्जिद देवी मंदिर मौहल्ला मंगलवाला एलआईसी कार्यालय शनि बाजार मौहल्ला तकिया वाला चामुंडा मन्दिर पर जाकर समापन हुआ के बाद सीओ स्याना रामकरन सिंह ने मीडिया से वार्ता में बताया कि किसी भी शरारती तत्व ने कुछ भी शरारत की तो होली हवा लात में मनेगी।

# होली हंगामा फेस्ट 1.0 हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

## बड़ी संख्या में युवाओं एवं परिवारों ने होली का लिया आनंद






**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** परम्परा इवेंट मैनेजमेंट द्वारा आयोजित 'होली हंगामा फेस्ट 1.0' कार्यक्रम वाराणसी मे नाटी इमली स्थित साहू बाग में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं एवं परिवारों ने भाग लेकर रंगों के पर्व होली का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान रेन डांस, ढोल एवं डीजे की धुन पर प्रतिभागियों ने जमकर नृत्य किया। वाटर बैलून एवं फोम मस्ती ने आयोजन को और भी रोमांचक बना दिया। इको फ्रेंडली रंगों के साथ होली खेली गई तथा प्रतिभागियों के लिए ठंडाई एवं अल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बना रहा।

इस आयोजन के मीडिया पार्टनर के रूप में दूरदर्शी विचार समाचार पत्र ने कार्यक्रम की विस्तृत कवरेज की। कार्यक्रम को सफल बनाने में भवन फाइनेंस, फ्लाहाई

तथा इंडीअबोड, शुभ लक्ष्मी ट्रेडर्स, श्री काशी विश्वनाथ व अन्य संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रिंस जायसवाल, राहुल सेठ, प्रदीप मौर्या, भानू प्रताप द्विवेदी, दीपक श्रीवास्तव, पवन चक्रवाल, अनिल साहू, रामकृष्णा (पूर्व सचिव सेल टैक्स बार) सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# होली पर 102/108 एंबुलेंस कर्मियों का सम्मान



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल परिसर में ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के तत्वावधान में 102/108 एंबुलेंस सेवा द्वारा होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान वितरण किया गया तथा कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक जयविंदर सिंह ने जनपद के सभी कर्मचारियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 102 और 108 एंबुलेंस सेवाएं आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों के लिए जीवन रेखा साबित हो रही हैं, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं। जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने भी सभी कर्मचारियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सेवाएं मरीजों तक त्वरित और प्रभावी ढंग से पहुंचनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और वे स्वस्थ रह सकें।होली के अवसर पर संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी एंबुलेंस वाहनों को संवेदनशील स्थलों पर तैनात करने के निर्देश दिए गए। जिससे आपात स्थिति में मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके।

# मो अरकम दानिश ने किए बारह रोजे पूरे

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** पवित्र माहे रमजान का असर सिर्फ बड़े बुर्जुग पर ही नहीं बल्कि बच्चों पर भी है।परिवार के सदस्यों एवं माता पिता का अनुसरण कर बच्चे भी रोजा रखकर खुशी महसूस करते हैं।सेमरियावां ,इस्लामाबाद निवासी आठ साल के मोहम्मद अरकम दानिश पुत्र दानिश रहमान ने मंगलवार के दिन बारह रोजा पूरे किए।ये कक्षा दो के छात्र हैं।परिवार के सदस्यों एवं अभिभावकों इस मासूम रोजेदार को ढेर सारी दुआएं और आशीर्वाद दिया है। मो अरकम दानिश रोजा के साथ रात में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज तरावीह भी अपने पिता के साथ अदा करने पाबंदी के साथ आते हैं।माता पिता दादा दादी इस नन्हे रोजेदार से काफी खुश हैं। इनाम देकर प्रोत्साहित करते हैं।

## शान्ति भंग में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** मंगलवार को संतकबीरनगर पुलिस ने शान्तिभंग में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 170/126/135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया तो वहीं थाना धनघटा पुलिस ने 170/126/135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया, थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

## पीआरवी 5995 द्वारा मोटरसाईकिल और ई-रिक्शा की टक्कर हो जाने के कारण दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पीआरवी 5995 को थाना मेंहदावल क्षेत्रांतर्गत छपिया से कालर द्वारा मोटरसाईकिल और ई-रिक्शा की टक्कर हो जाने के कारण दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों (01.सौरभ शर्मा पुत्र सूर्यभान शर्मा निवासी टूण थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरगनर 02. सूरज शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासी भण्डारे थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर ) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी का0 रणबीर कुमार कृष्णा, का0 अविनाश गौड़, हो0चा0 सूभाष चन्द्र मौर्य ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पीआरवी वाहन से ही ईलाज हेतु सीएचसी मेंहदावल ले जाया गया ।घटना के सम्बन्ध में मेंहदावल को अवगत कराया गया ।पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पीआरवी ईलाज हेतु अस्पताल पहुँचाया गया ।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 206 वाहनों से 202,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 206 वाहनों से 202,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

## मस्जिद गुले हदीस दुधारा में तरावीह में कुरआन हुआ मुकम्मल

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** सेमरियावा क्षेत्र के दुधारा स्थित मस्जिद गुले हदीस में माह-ए-रमजान के पवित्र अवसर पर आयोजित तरावीह में सोमवार को कुरआन मुकम्मल हुआ। रमजान माह के दूसरे अश्रे दौरान यहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर तरावीह की नमाज अदा की। समापन अवसर पर इज्तेमाई दुआ का आयोजन किया गया,जिसमें देश में अमन,चैन,शांति और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए खास तौर पर दुआएं मांगी गईं। तरावीह में हाफिज शाहबाज, हाफिज काशिफ, हाफिज शमीम ने पूरे कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर मुकम्मल किया। उनकी मधुर और प्रभावशाली तिलावत से माहौल पूरी तरह रूहानी हो उठा। नमाज के बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी और दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर हाफिज शाहबाज अहमद ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और आपसी मोहब्बत का पैगाम देता है। हमें चाहिए कि हम इस पवित्र महीने की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और समाज में सौहार्द को मजबूत करें। मौलाना इम्तियाज अहमद ने कहा कि तरावीह में कुरआन मुकम्मल होना बड़ी नेमत है और यह आत्मचिंतन का अवसर भी है। कार्यक्रम में मुहम्मद परवेज अख्तर, नूर मोहम्मद, मुहम्मद वसीम, अतीकुर्रहमान, मुहम्मद कलीम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## थाना मेंहदावल पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(मु. परवेज अख्तर)।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मेंहदावल के उ0नि0 अखलाक अहमद, का0 धर्मेन्द्र यादव ने मु0अ0सं 71/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना मेंहदावल के मामले में वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र बनारसी यादव निवासी सिक्टोर थाना मेंहदावल को मंगलवार को बस स्टेशन गेट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 01.03.2026 को थाना मेंहदावल पर वादिनी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# आवारा कुत्ते का हमला, ईंट भट्टे पर खेल रही 7 वर्षीय बालिका घायल

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गए परिवार की 7 वर्षीय बालिका पर आवारा कुत्ते ने जानलेवा हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी सादिक परिवार सहित गांव भारसी के ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गया हुआ है। पीड़ित के अनुसार उसकी 7 वर्षीय पुत्री फरीन झुग्गी के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक वहां पहुंचा और बच्ची पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने बालिका को बुरी तरह नोच डाला।बच्ची की चीख-पुकार सुनकर भट्टे पर काम कर रहे मजदूर डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्ते को वहां से भगाया। तब तक बालिका घायल हो चुकी थी। परिजनों ने उसे तुरंत नगर



के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी-रेबीज का टीका लगाया और हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दियागौरतलब है कि नगर व आसपास के क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन महिला, पुरुष और बच्चों पर हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

# रमजान रहमत, बरकत और माफी का महीना- मोहम्मद अहमद



**मु. परवेज अख्तर**

**संतकबीरनगर।** रमजान माह रहमतों, बरकतो और माफी का महीना है। रमजान भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अपने नफ़्स पर नियंत्रण रखने की तालीम देना है। नमाजों की पाबंदी, कुरआन पाक की तिलावत, जिक्र व अजकार से अपनी जबानो को हमेशा तर रखें। उक्त बातें सेमरियावा ब्लाक के नौवाडीह द्वितीय के प्रधान मोहम्मद अहमद ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह वह पवित्र महीना है जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास मेहरबानियां करते हैं। गुनाहों को माफ करते हैं और दुआएं कबूल करते हैं।

रमजान को सिर्फ.भूख और प्यास तक सीमित न रखें। बल्कि:दिलों को नाराजगी और नफरत से साफ करें। जबान को झूठ और चुगली से बचाए। उन्होंने कहा कि रमजान को सिर्फ.भूख और प्यास तक सीमित न रखें। बल्कि:दिलों को नाराजगी और नफरत से साफ करें। जबान को झूठ और चुगली से बचाएं।

## सड़क हादसे में घायल हुई सुवहाना की उपचार के दौरान मौत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह करीब 8:00 बजे शाहबाज पुत्र आबाद मियां कोतवाली डिबाई के गांव कसेर कला निवासी अपने परिवार के साथ अर्टिगा कार से दिल्ली जा रहे थे। जैसे गाड़ी धतूरी पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार टाटा ने अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी ।जिसमें गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और गाड़ी में सवार सुवहाना पुत्री साबिर, सानिया पुत्री आबाद मियां, शहबाज पुत्र आबाद मियां, रानी पत्नी सलमान, शमा पत्नी साबिर, फवाज पुत्र सहवाज तथा चालक फतेह मौहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को गांव वालों व पुलिस की मदद से चिरचिटा उर्फ चिट्टा जेपी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। जिसमें सुवहाना की हालत गंभीर होने से दिल्ली के सफदरगंज हॉस्पिटल को रेफर कर दिया गया था। सलेमपुर थाना प्रभारी नितिन जवाला ने बताया कि उपचार के दौरान सुवहाना कि मंगलवार को मौत हो गई।

# गुरुकुल में बच्चों को बांटी मिठाई व गुलाल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**माल।** माल क्षेत्र के बांझी गांव में स्थित विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल)के जिला सह मंत्री सुशील कुमार द्वारा संचालित गुरुकुलम शिक्षा मंदिर में बच्चों को मिठाई,गुलाल व टाफी चाकलेट देकर होली मनाई। आपको बता दें कि,मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह मंत्री सुशील कुमार गुरुकुलम शिक्षा मंदिर के बच्चों के साथ होली त्योहार के उपलक्ष्य में बच्चों के साथ होली मनाई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने बच्चों और आचार्य रुचि पाल के साथ रंगों का त्योहार मनाया।इस दौरान



बच्चों को पिचकारी, मिठाई और गुलाल वितरित किए। उन्होंने सभी से प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया। बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं और उनसे त्योहार को सद्भाव से मनाने की अपील की।

# ईरान के सर्वोच्च नेता के निधन के समाचार पर शोक, शांति बनाए रखने की अपील - शशांक शेखर त्रिपाठी

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक एवं बनारस बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक शेखर त्रिपाठी ने ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातोल्लाह अली खामीने के निधन के संबंध में प्राप्त समाचारों पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी वैश्विक धार्मिक व्यक्तित्व के निधन का समाचार मानवता के लिए संवेदनशील क्षण होता है उन्होंने भारत के शिया समुदाय से अपील की कि वे शांतिपूर्वक एवं मर्यादित तरीके से अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करें उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक इस संवेदनशील समय में उनके साथ खड़ा है। भारतीय समाज की परंपरा सहअस्तित्व, संवेदनशीलता और सामाजिक सौहार्द की रही है जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय शोक घोषित किए जाने के प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केंद्र सरकार का नीतिगत एवं कूटनीतिक विषय है उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में एब्राहिम रायसी के निधन पर भारत



सरकार ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया था क्योंकि वह निर्वाचित राष्ट्रपति पद पर आसीन थे और राजनयिक प्रोटोकॉल के अंतर्गत राष्ट्राध्यक्ष स्तर की श्रेणी में आते थे। शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि भारत की विदेश नीति सदैव संवैधानिक मूल्यों, कूटनीतिक परिपक्वता और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर आधारित रही है ऐसे विषयों को राजनीतिक दृष्टि से देखने के बजाय सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# सोशल फाउंडेशन की नेक पहल, मध्यप्रदेश के श्योपुर में 'चलो गांव : सर्वांगीण विकास मिशन' के अंतर्गत 'अपनी पाठशाला' का शुभारंभ







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**श्योपुर(मध्यप्रदेश)।** दिल्ली की अग्रणी सामाजिक संस्था 'सोशल फाउंडेशन' के सामाजिक कार्यों का कारवां मध्यप्रदेश के श्योपुर तक पहुंच गया है। यहां बड़ौदा तहसील क्षेत्र के बंदड़ी गांव में सोशल फाउंडेशन ने अपने पहले प्रोजेक्ट 'चलो गांव : सर्वांगीण विकास मिशन' के अंतर्गत 'अपनी पाठशाला' की शुरूआत की है। सोशल फाउंडेशन ने अपने उद्देश्यों और सर्वांगीण विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में 1 मार्च को श्योपुर के बंदड़ी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार और महासचिव नवीन कुमार ने ग्राम पंचायत हलगावाड़ा खुर्द के सरपंच मुकेश कुमार आंकोदिया, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार आंकोदिया, हरिओम आंकोदिया, शिक्षकों और ग्रामीणों की मौजूदगी में 'चलो गांव : सर्वांगीण विकास मिशन' के अंतर्गत कक्षा 1 से 10वीं तक छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग सेंटर 'अपनी पाठशाला' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में सोशल फाउंडेशन ने गरीब परिवारों के 100 बच्चों को स्कूल बैग का वितरण भी किया।

सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में संस्था का पहला पोजेक्ट 'चलो गांव : सर्वांगीण विकास मिशन' शुरू करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में कोचिंग सेंटर 'अपनी पाठशाला' की शुरूआत की जा रही है। जिसमें योग्य शिक्षकों द्वारा गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि शिक्षा के अलावा प्रोजेक्ट के तहत बंदड़ी गांव के विकास, सामुदायिक विकास, महिलाओं और मजदूरों के साथ-साथ स्वास्थ्य, योग, खेल, कृषि, जल संरक्षण, पर्यावरण, स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान समेत अन्य क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों को अंजाम दिया जाएगा।

धर्मेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन कहा कि कहा कि यदि हमें गांवों के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। शिक्षा ही वह आधार है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, ज्ञान और आगे बढ़ने की प्रेरणा विकसित होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रतिभाशाली बच्चे संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं, इसलिए समाज का दायित्व है कि वह ऐसे बच्चों को सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान करें।

सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने ये भी कहा कि आज जब देश डिजिटल क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब यह आवश्यक हो गया है कि ग्रामीण बच्चों को भी शिक्षा के साथ डिजिटल ज्ञान और तकनीकी जानकारी से जोड़ा जाए। इससे न केवल उनकी पढ़ाई में सुधार होगा



बल्कि वे आधुनिक युग की चुनौतियों का भी सामना कर सकेंगे। वास्तव में, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल जागरूकता के समन्वय से ही ग्रामीण भारत का समग्र विकास संभव है।

इस मौके पर सोशल फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। उन्हें समय पर टीके लगवाना और पौष्टिक खाना खिलाना जरूरी है, ताकि वो कुपोषण का शिकार होने से बच सकें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

सोशल फाउंडेशन के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत हलगावाड़ा खुर्द के सरपंच मुकेश कुमार आंकोदिया ने अपने संबोधन में बच्चों और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शिक्षा, छात्रवृत्ति, पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ ग्रामीण बच्चों को अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि गांव के बच्चे इन योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाएं तो वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। सोशल फाउंडेशन जैसी पहलें समाज को यह संदेश देती हैं कि यदि सामूहिक प्रयास किए जाएं तो गांवों के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है और एक सशक्त, शिक्षित एवं जागरूक भारत की नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार आंकोदिया ने अति गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे कई बच्चे हैं जिनके पास पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध नहीं होते। यदि समाज और सामाजिक संगठन मिलकर ऐसे बच्चों की मदद करें तो उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## गौवंश बचाने के चक्कर में फलों से भरी गाड़ी पलटी ड्राईवर हेल्पर घायल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर(अहमदगढ)।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर गौवंश को बचाने के चक्कर में फलों से लदी गाड़ी पलटी ड्राइवर हेल्पर घायल। गांव खखुडा के पास देर रात को गौवंश को बचाने के प्रयास में फलों से लदी गाड़ी पलट गई। जिससे यातायात जाम हो गया सूचना पर पहुंचे अहमदगढ़ थाने के एसएसआई मोहसिन खान ने खुद एवं साथी पुलिस कर्मियों को लगाकर सड़क पर पड़े फलों को बटोर कर साइड रखवाकर ट्रैफिक को चालू करवाया गया। इस घटना में ट्रक के ड्राइवर हेल्पर दोनों घायल हो गए।

## श्रृद्धालुओं ने जौ की बालियां भूनकर लगाई होलिका मैय्या की परिक्रमा

### गले लगा कर बधाई एवं शुभकामनाओं का आदान-प्रदान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर(औरंगाबाद)।** होली महोत्सव के उपलक्ष्य में सैंकड़ों श्रृद्धालुओं ने श्रृद्धा और भक्ति भाव से होलिका दहन किया। होलिका दहन होते ही बोल होलिका माई की जय जयकार से समूचा स्थल गुंजायमान हो उठा।

परंपरागत होली स्थल स्टेट हाइवे स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने सोमवार की देर शाम करीब दस बजे सैंकड़ों श्रृद्धालुओं की मौजूदगी में होलिका दहन किया गया। पंडित कृष्ण कुमार शर्मा ने पूजा अर्चना करने के पश्चात होलिका दहन करते हुए अग्नि प्रज्वलित की। होलिका दहन होते ही समूचा वातावरण बोल होलिका माई की जय के गगन भेदी नारों से गूंज उठा। श्रृद्धालुओं ने होली



की पवित्र अग्नि में नवअन्न जौ की बालियां भूनकर होली की परिक्रमा लगाई। तमाम लोगों ने एक दूसरे को गले लगाते हुए होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। छोटों ने अपने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने एक दूसरे के घरों पर पहुंचकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

होली दहन स्थल पर थाना प्रभारी रामनरायण सिंह मय पुलिस बल तैनात रहकर कड़ी चौकसी बनाये हुए थे। होलिका दहन से पूर्व पुलिस ने ट्रैफिक रोक दिया और होलिका दहन कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराया। मौहल्ला अजीजाबाद, नागेश्वर मंदिर के समीप तथा अनेक घरों में भी होलिका दहन किया गया। मंगलवार को चंद्र ग्रहण लगने के कारण इस बार रंग भरी होली बुधवार को ही खेली जाएगी। कस्बे के सभी मंदिरों में चंद्रग्रहण के सूतक के चलते कपाट प्रातः छ बजे से सायं लगभग सात बजे तक बंद रहेंगे।

## एसएसपी ने विधि-विधान पूर्वक पूजनोपरांत होलिका दहन कार्यक्रम कराया संपन्न



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, बुलंदशहर में विधि-विधान पूर्वक पूजनोपरांत होलिका दहन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का संदेश दिया गया।

## ट्रक और इको कार की टक्कर में जीजा, साले की हुई मौत





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** ट्रक और इको कार की टक्कर में जीजा, साले की हुई मौत। इको कार चला रहे सुरेंद्र की मौके पर हुई मौत, कन्हई लाल की अलीगढ़ में एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरेंद्र के शव का पंचनामा भर शव को भेज पोस्टमार्टम हाउस। जीजा, साले की मौत से परिवार में छाया मातम परिवार का रो-रो कर बुरा हाल। अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र के करनपुर ईंट भट्टे के समीप हुआ हादसा।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत, एक घायल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद के पास एक अज्ञात वाहन ने सामने से बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर मौके पर एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीश पुत्र संतोष उम्र 28 वर्ष निवासी चोढेरा थाना नरौरा व उसका साथी सोनू पुत्र बृजमोहन शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी बेलौन थाना नरौरा होली का पर्व मनाने के लिए फरीदाबाद से अपने गांव आ रहे थे शाम करीब




8:30 बजे मेरठ बदायूं मार्ग पर नौरंगाबाद गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण इकट्ठे हो गए एक्सीडेंट की सूचना अहमदगढ़ थाना पुलिस को दी गई अहमदगढ़ थाना पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों के लिए सीएससी शिकारपुर भिजवाया गया जहां पर डॉक्टर ने हरीश के लिए मृत घोषित कर दिया हरीश की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया है।

## पुलिस और सुरक्षाबलों ने फिर किया समूचे कस्बे में फ्लैग मार्च

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर(औरंगाबाद)।** विश्व में मची हलचल और होली के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाते हुए समूचे कस्बे में फ्लैग मार्च कर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह के नेतृत्व में पी ए सी, केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों और पुलिस के जवानों ने मंगलवार को पवसरा रोड तिराहे से फ्लैग मार्च शुरू किया। चाक



चौबंद जवानों ने टंकी रोड वाल्मीकि चौक स्याना सिकंदरा भावसी रोड जहांगीराबाद रोड मेन बाजार मौहल्ला सादात नयी बस्ती आदि में फ्लैग मार्च किया और जहां कस्बे वासियों को भरपूर सुरक्षा व्यवस्था का ठोस भरोसा दिलाया वहीं असामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोगों बदमाशों को कठोर कार्रवाई का संकेत देने में कोई कोताही नहीं बरती। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने लोगों को शांति और सद्भाव पूर्वक रमजान होली एवं ईद पर्व मनाने की अपील की और कहा कि गड़बड़ी करने का लेशमात्र भी प्रयास निश्चित रूप से जेल में पहुंचा देगा।

## सीएसआईआर-नेट में ऑल इंडिया रैंक 74 हासिल कर गौरी वशिष्ठ ने बढ़ाया नगर का मान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**जहाँगीराबाद।** जिले की होनहार छात्रा गौरी वशिष्ठ, पुत्री अजय शर्मा एवं रेनू शर्मा, ने सीएसआईआर-नेट की राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 74 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता उन्होंने अपने परास्नातक अध्ययन के दौरान नेशनल फोर्निक साइंस यूनिवर्सटी से हासिल की।

गौरी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई हिन्दू कोलिज से पूर्ण की, जहां उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इससे पहले इंटरमीडिएट की परीक्षा में सेंट जोसेफ स्कूल से जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा



का लोहा मनवाया था।

सीएसआईआर-नेट जैसी कठिन एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 74 प्राप्त करना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

## यातायात पुलिस एवं क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत ड्रिंक एण्ड ड्राइव के विरुद्ध अभियान चलाकर की गई कार्यवाही

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार जनपद में होली पर्व के अवसर पर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस एवं सीसी (क्रिटिकल कॉरिडोर) टीम द्वारा संयुक्त रूप से ड्रिंक एण्ड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान जारी है। अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों, संवेदनशील मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान संदिग्ध वाहन चालकों





की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। यह अभियान लगातार दिनांक 05.03.2026 तक जारी रहेगा। सभी लोगों से अपील की जाती है कि कोई भी शराब पीकर वाहन न चलायें। इस कार्यक्रम में सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, महसचिव नवीन कुमार, ग्राम पंचायत हलगावाड़ा खुर्द के सरपंच मुकेश कुमार आंकोदिया, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार आंकोदिया, जगन्नाथ, राम सिंह, बद्रीलाल, रामकिश, जगदीश, नाथूलाल, बाबूलाल, रामकरण, जीवराम, महावीर, सुरेश कुमार, हमेराज, दुगार्शंकर, शिवराज और शिक्षक हरिओम, तरुण, पेलवान, किशन मौजूद रहे।

# यू के मोदी ग्रुप के चेयरमैन उमेश कुमार मोदी के जन्मदिन दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन

## मोदीनगर के विकास में ही हम सभी का हित है: मोदी

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** यू के मोदी ग्रुप के चेयरमैन सेठ उमेश कुमार मोदी जी के 75 वें जन्मदिन दिवस पर पांच मार्च को है। इससे पूर्व सोमवार को दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के एडिटोरिय में आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें मोदीनगर के गणमान्य लोगों, व्यापारियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के लोगों और इलाके के अग्रणी किसानों और राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने बधाई देते उनकी दीघार्यु की कामना की।

इस अवसर पर सेठ उमेश कुमार मोदी ने कहा कि मोदीनगर के विकास में ही हम सभी का हित है। यह बात ध्यान रखें, जिस तेजी से उद्योग विकास करेंगे, उसी गति से यह शहर भी विकास करेगा। इसका परिणाम शहर के लोगों के सामने हैं।उन्होंने कहा है कि मेरा संकल्प है कि हम हर वर्ष एक नया उद्योग लगाए, इसे पूरा करने मैं, और मेरा परिवार इसे पूरा करने में लगे हैं। पिछले पिछले एक दशक में हम करीब एक दर्जन फैक्ट्रियां लगा चुके हैं ।5 मार्च को दुनिया के कई देशों के करीब 93 उद्योगपति उनके जन्मदिन पर मोदीनगर आ रहे हैं। उनके यहां आने का निश्चित रूप मोदीनगर को लाभ मिलेगा।

# रुहेला राजपूत समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** रुहेला राजपूत समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन समाजसेवी कृष्णा रूहेला के आवास, ॐ साई संतपुरा, मोदीनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य बंधुओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। होली के पावन अवसर पर रंग, गुलाल, भाईचारे और आपसी प्रेम के वातावरण में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन एवं पारस्परिक सौहार्द को और अधिक सशक्त बनाने का आान किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, परिचर्चा एवं सामाजिक समन्वय की भावना ने सभी के मन को प्रफुल्लित कर दिया। समारोह में सामाजिक समरसता, युवा सहभागिता एवं संगठनात्मक मजबूती पर विशेष चर्चा की गई।















जग होरी ब्रज होरा
होली
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
N.K SHARMA Adv.
DIRECTOR
SATISH SHARMA
DEPUTY DIRECTOR
MADHU SHARMA
SECRETARY
श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय
ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस
पता-मथुरा रोड, जमुनावता, गोवर्धन (मथुरा)


आप सभी को खुशियों और रंगों का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
श्रेयस कुमार
श्री नंदनी गौमाता चिकित्सालय
गुलाल कुण्ड, गांठौली रोड, जतीपुरा


श्री गिर्राज जी पधारे सभी भक्तजनों को
होली महापर्व
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
HAPPY HOLI
गौरव कौशिक
नगर महामंत्री-व्यापार मण्डल, गोवर्धन


!! श्री गिरिराज धरण की जय !!
समस्त ब्रजवासियों एवं आगन्तुक भक्तजनों को
होली महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनायें
HOTEL ★★★
GOVIND RESIDANCY
DELUXE AC ROOM ● ROOFTOP
RESTAURANT
RECEPTION-6397492882
चौ. गोविन्द सिंह
एल.डी.बी चेयरमैन
हरेकृष्णा चौधरी
युवा समाजसेवी
पताः धानुका हॉस्पीटल के सामने, राधाकुण्ड रोड, श्रीधाम गोवर्धन


ब्रजभूमि में पधारे भक्तजनों को
रंगो के महापर्व
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
दिनेश फलाहारी जी महाराज
याचिकाकर्ता-श्री कृष्णजन्मभूमि संघर्ष न्यास


गोवर्धन विधान सभा - 83 से समाजवादी पार्टी के विधायक पद के आवेदक
प्रत्याशी महेशचन्द्र शर्मा उर्फ (गोल्डी भईया)
की तरफ से सभी क्षेत्र वासियों को एवं
होली की हार्दिक शुभकामनएं
समाजवादी पार्टी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिलेश यादव
गोवर्धन विधान सभा - 83 से
महेश चन्द्र शर्मा उर्फ (गोल्डी भईया)


HAPPY HOLI
गोवर्धन धाम में पधारे भक्तजनों को
होली
के पावन पर्व पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
दाऊदयाल शर्मा
पर्यावरण प्रेमी
अधिक से अधिक पेड़ लगायें
स्वच्छता का ध्यान रखें


!! श्री गिरिराज धरण की जय !!
मंदिर श्री मुकुट मुखारबिन्द मानसी गंगा
की ओर से गिरिराज धाम में पधारे सभी भक्तजनों को
होली महोत्सव
की खूब खूब बधाई
पारम्परिक प्राचीन हुरंगा
दिनांक 6 मार्च सांय 6 बजे
कपिल चतुर्वेदी
मंदिर रिसीवर


गोवर्धन धाम में पधारे आगन्तुक भक्तजनों एवं
जिला पंचायत मथुरा के वार्ड संख्या 17 की सम्मानित सरदारी को
होली महोत्सव
की खूब खूब बधाई
श्रीमती सीमा मोहनश्याम शर्मा
प्रत्याशी जिला पंचायत मथुरा वार्ड संख्या - 17
पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत जानू वि.ख गोवर्धन